



नवभारत
सतना, गुरुवार 04 दिसम्बर, 2025
10



# आदेश के बावजूद पहड़िया कचरा प्लांट में बाहर से आ रहा आरडीएफ

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 दिसम्बर, पहाड़िया स्थित रीवा एमएसडब्ल्यू कचरा प्लांट को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा.**

कलेक्टर और नगर निगम कमिश्नर द्वारा स्पष्ट आदेश जारी किए जाने के बावजूद कि उत्तर प्रदेश से आने वाला बाहरी आरडीएफ पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, प्लांट प्रबंधन पर लगातार अवैध आरडीएफ मंगाने के गंभीर आरोप लग रहे हैं. ग्रामीणो ने पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर से की है और पूरे मामले की जांच कराए जाने की मांग की है. स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी 28 यूएलबी के साथ किए गए अधिकृत अनुबंध का पालन नहीं कर रही और प्रयागराज, बनारस तथा कटनी से भारी मात्रा में अवैध आरडीएफ प्रतिदिन प्लांट में प्रवेश कर रहा है.

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 'प्रशासन पर राजनीतिक दबाव होने के कारण आदेशों की पालन नहीं हो रहा. कार्रवाई के नाम पर सबकुछ कागजों तक सीमित है. बाहर का कचरा प्लांट में नही लाना है, लेकिन प्रबंधन द्वारा खुली मनमानी की जा रही है.

## ग्रामीणों में भय का माहौल, मिल रही धमकी

बाहर से आने वाले कचरे को लेकर ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे है जिन्हे अब धमकी मिलने लगी है. सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक तिवारी और ग्रामीणों ने खुलासा किया कि रीवा एमएसडब्ल्यू के कुछ अधिकारियों ने विरोध को दबाने के लिए अपराधियों और गुंडों को गांव में भेजना शुरू कर दिया है. ग्रामीणों के बयान के अनुसार पिछली रात कुछ अज्ञात बदमाश गांव में घुसे और ग्रामीणों को गोली मारने, तथा गांव में आग लगाने की धमकी देकर चले गए. इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित सुरक्षा की मांग की है.

# बाजार में खाली प्लाटों पर टीन शेड लगाकर चल रहा बाजार

## कहीं नहीं है पार्किंग की व्यवस्था, श्रम विभाग की अनुमति नहीं, नगर निगम भी नहीं ले रहा टैक्स

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 दिसम्बर, शहर के अंदर टीन शेड बनाकर गर्म पकड़ो से लेकर अन्य सामग्री की बिक्री की जा रही है. दर्जन भर से अधिक टीन शेड़ के अंदर भव्य दुकान चल रही है, दुकान तो खोल ली गई लेकिन पार्किंग की कोई व्यवस्था नही की गई, लिहाजा सड़को पर गाड़ियां खड़ी हो रही है. इतना ही नही दुकानो से नगर निगम को भी कोई राजस्व नही मिल रहा है और बगैर श्रम विभाग की अनुमति के दुकाने संचालित है.**



नियम के मुताबिक जिस भूमि पर टीन शेड़ पर दुकाने चल रही है उनसे व्यवसायिक कर नगर निगम को लेना चाहिये और नगर निगम नही ले रहा है. गौरतलब है कि शहर के अंदर दर्जन भर से अधिक टीन शेड़ बनाकर दुकाने चल रही है. बाजारो में स्थित खाली पड़े जमीनों दुकाने चल रही है. बाहर से आए लोगो ने किराये पर जमीन ली और उस पर टेंट-टीन शेड लगाकर मार्केट बना दिया और प्रतिदिन कारोबार कर रहे है. सबसे बड़ा सवाल यह है कि सड़क तक बाजार लगा दिये है लेकिन पार्किंग की कोई व्यवस्था नही है. जिसकी वजह से लोग सड़क पर गाड़ी खड़ा करते है, लिहाजा जाम लगता है. नगर निगम से भी किसी तरह की अनुमति नही ली जाती है और श्रम विभाग से अनुमति लेकर दुकान खोलना चाहिये. लेकिन श्रम विभाग से कोई अनुज्ञा प्राप्त नही की गई है. सुरक्षा मापदण्डो का खुला उल्लंघन किया जा रहा है. कोई इंतजार सुरक्षा के नही किये जाते है. सबसे बड़ा सवाल यह है कि भू-स्वामी जमीन तो किराये पर दे दिये लेकिन उसका व्यवसायिक टैक्स नही देते और नगर निगम भी कोई टैक्स नही लेता. जबकि व्यवसायिक टैक्स भूमि का लेना चाहिये. जब खाली पड़े प्लाट का टैक्स लिया जाता है तो फिर जहा पर कारोबार हो रहा है उसका भी टैक्स लेना चाहिये. नगर निगम के राजस्व उपायुक्त एमएस सिद्दीकी का कहना है कि व्यवसायिक प्लाट का टैक्स वसूल किया जायेगा.

## खाली प्लाटों में सजा लिया बाजार

शहर के मुख्य बाजार में कई जगह खाली प्लांटो पर अच्छा खासा बाजार सजा लिया गया है. खन्ना चौराहा के पास सरकारी आवासो को गिराया गया. जिसके बाद पूरा प्लाट खाली है और यहा पर टीन शेड़ लगाकर बाजार बना दिया गया. नगर निगम के सामने भी बाजार चल रहा है. व्यंकट चौराहे में भी खाली प्लाट में गर्म पकड़ो का बाजार लगा हुआ है. इसी तरह घोड़ा चौराहे के पास भी खाली प्लाट में सेल नुमा बाजार सजाया गया है और पीली कोठी में भी खाली भूमि पर बाजार लगा है. गल्ला मंडी के सामने, पीके स्कूल के सामने और बजरंग नगर गेट के सामने खाली भूमि पर बाजार सजे है. यहा किसी के पास भी पार्किंग की व्यवस्था नही है, सड़क पर वाहन खड़े होते है जो जाम का कारण बनते है.

# डिजिटाइजेशन 4 विधानसभा क्षेत्रों में शत-प्रतिशत

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 दिसम्बर, रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य लगभग पूरा हो रहा है. अब केवल अनमैप्ड मतदाता तथा छूटे हुए मतदाताओं का सत्यापन शेष है.**

गणना पत्रक डिजिटाइजेशन की समय सीमा 11 दिसम्बर तक बढ़ा दी गई है. जिले में 3 दिसम्बर को शाम 4 बजे तक 1385979 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं. जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1390667 है.

सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर और गुढ़ विधानसभा क्षेत्रों में सौ प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कर लिया गया है. रीवा और मनगवां विधानसभा क्षेत्रों में भी डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा होने के करीब है. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक जिले में कुल 99.66 प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया जा चुका है. चार विधानसभा क्षेत्रों में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन हो गया है. विधानसभा क्षेत्र रीवा और मनगवां भी पूरा होने के करीब हैं. विधानसभा क्षेत्र मनगवां में 99.63 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र रीवा में 98.33 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हो गया है. कलेक्टर ने सभी एआरओ को निर्देश देते हुए कहा है कि जिन मतदान केन्द्रों में सौ प्रतिशत डिजिटाइजेशन हो गया है उनके बीएलओ को बुलाकर अनमैप मतदाताओं का सत्यापन कराएं.

# मनिकवार में कवि सम्मेलन कल

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 दिसम्बर, रियेक्ट इकाई मनिकवार की ओर से कमलेश सिंह जोशी स्मृति 20वां बघेली कवि सम्मेलन 5 दिसम्बर को दोपह 1 बजे से विवेक ज्योति विद्यालय मनिकवार में आयोजित किया गया है.**

इस अवसर विभिन्न क्षेत्रों के बघेली कवि, कवि सम्मेलन में शामिल होगें. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एस.एस.तिवारी और कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री बाबूलाल दाहिया पिथौरावाद सतना करेगें. कवि सम्मेलन का संचालन शिवानन्द तिवारी करेगें. बघेली कवि सम्मेलन के संयोजक जगजीवन लाल तिवारी "कक्का" के द्वारा बघेली कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले कवियों में वरिष्ट कवि रामनरेश तिवारी, डॉ राजकुमार शर्मा राज आदि कवि शामिल होगे.

## संक्षिप्त

### नईबस्ती खैरी में कल लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**रीवा,** नगर निगम रीवा में प्रमुख अस्पतालों के साथ-साथ तीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 10 संजीवनी क्लीनिक रोगियों को उपचार सहायता दे रहे हैं. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 5 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं. इनमें चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नईबस्ती खैरी में 5 दिसम्बर को नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाएगा. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी शहरी क्षेत्र इन शिविरों में उपचार की समुचित व्यवस्था करें. स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए आमजनता इन शिविरों का लाभ उठाए. शहर के अलग-अलग वार्डो में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगेगा. 5 दिसम्बर से शुरू होकर यह शिविर 18 दिसम्बर तक चलेगा. जहा पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा सकता है. शिविर को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है.

### कलेक्टर स्वरोजगार प्रकरणों की कल करेंगी समीक्षा

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल शासन की विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत और वितरित स्वरोजगार प्रकरणों की 5 दिसम्बर को समीक्षा करेंगी. समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है. इस संबंध में महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी ने बताया कि बैठक में उद्योग, अन्त्यावसायी सहकारी समिति, अनुसूचित जाति तथा जनजाति विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, शहरी विकास अभिकरण, पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन तथा मछलीपालन विभाग के बैंकों में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी. संबंधित विभाग के अधिकारियों, अग्रणी बैंक प्रबंधक तथा बैंक शाखा प्रबंधकों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### गौशालाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें

**रीवा,** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने जिले में संचालित गौशालाओं के निरीक्षण के लिए 29 अधिकारी तैनात किए हैं. जनपद पंचायत मऊगंज में 12, हनुमना में 11 तथा जनपद पंचायत नईगढ़ी में 6 अधिकारी तैनात किए गए हैं. प्रत्येक अधिकारी को दो-दो गौशालाओं के निरीक्षण की जिम्मेदारी दी गई है. कलेक्टर ने तैनात अधिकारियों को गौशालाओं में गौवंश के लिए दी गई सुविधाओं, गौशाला के प्रबंधन तथा संचालन के संबंध में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं.

### कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को बनाया प्रभारी

**रीवा,** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने उच्च न्यायालय में दायर रिट पिटिशन में जवाब-दावा प्रस्तुत करने तथा याचिका में उठाए बिन्दुओं का परीक्षण करने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर को प्रभारी बनाया है. कलेक्टर ने कहा है कि प्रभारी अधिकारी प्रकरण से संबंधित सभी फाइलें, आदेश और अन्य दस्तावेज संकलित करके सरकारी वकील के माध्यम से रिपोर्ट तैयार करें. उच्च न्यायालय में उपयुक्त अभिलेखों के साथ शासन का पक्ष प्रस्तुत करें. प्रकरण के संबंध में सरकारी वकील द्वारा वांछित समस्त अभिलेख एवं जानकारियाँ उन्हें उपलब्ध कराएं.

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया निरीक्षण

**रीवा,** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान धान उपार्जन केन्द्रों तथा ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों का निरीक्षण किया. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मऊगंज जिले में सीतापुर तथा मिसिरगवां में जल संरक्षण के कार्यों का निरीक्षण किया. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि वाटरशेड मिशन के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के प्रयासों को गति दें. अमृत सरोवर में इस वर्ष अच्छी मात्रा जल संचित है. इनके आसपास उपयुक्त क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया जा सकता है. छोटे किसानों को सब्जी और मसाले की खेती के लिए भी प्रोत्साहित करें. जिन तालाबों में आठ महीने से अधिक तक पानी रहता है उनमें सहकारी समितियों के माध्यम से मछलीपालन कराएं. मछली पालन कम लागत में अधिक लाभ देता है. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने नेटशेड नर्सरी, गैवियन निर्माण तथा रिचार्ज पिट निर्माण का भी निरीक्षण किया. निरीक्षण के समय परियोजना अधिकारी जिला पंचायत डॉ संजय सिंह तथा अन्य अधिकारी उनके साथ रहे.



दिव्यांग विद्यार्थियों को लैपटॉप का वितरण करते जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कमिश्नर

# दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना से 170 विद्यार्थियों को मिले लैपटॉप

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 दिसम्बर, विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मानस भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग ने मुख्यमंत्री दिव्यांग विद्यार्थी शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत 170 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नि:शुल्क लैपटाप वितरित किए. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की मंशा के अनुसार दिव्यांगों को पूरी सहायता दी जा रही है. दिव्यांग विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है. आज मिले लैपटाप दिव्यांग विद्यार्थियों का कॅरियर बनाने में उपयोगी होंगे. सरकार की ओर से दिव्यांगों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों से उनके जीवन को नई दिशा मिलेगी. समारोह में कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने कहा कि यहाँ बैठे दिव्यांग विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया है. आप सबमें ईश्वर ने कुछ विशेष गुण दिए हैं. अपनी प्रतिभा और मेहनत से कल आप सबमें से ही कोई प्रशासनिक अधिकारी, नामचीन गायक और सफल खिलाड़ी बनेगा. दिव्यांग विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का पूरा अवसर दिया जाएगा. लैपटाप आपकी पढ़ाई और कॅरियर बनाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा. समारोह में पूर्व महापौर तथा जिला अध्यक्ष भाजपा वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिव्यांगों के कल्याण के लिए अनेक प्रयास किए हैं. समारोह में शासकीय नेत्रहीन विद्यालय, आईटीआई, मूकबधिर विद्यालय के प्रतिभाशाली बच्चों को नि:शुल्क लैपटाप का वितरण किया गया. समारोह में दिव्यांग विद्यार्थियों ने मनोहारी नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. विभागीय अधिकारी मौजूद रहे.

# विद्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे डीईओ, छात्रों को दिए टिप्स

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 दिसम्बर, जिला शिक्षा अधिकारी ने अपनी टीम के साथ मऊगंज जिले के शासकीय पुष्पराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुटहा का औचक निरीक्षण बुधवार की दोपहर करने पहुंचे.**



छात्र संख्या कम पाई गई, जिस पर डीईओ ने नाराजगी जाहिर की. आने वाली बोर्ड परीक्षाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिये. 12 वीं के छात्रों को रासायन शास्त्र एवं परीक्षा के संबंध में टिप्स दिये और छात्रों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि परीक्षा से ड़रना नही है. पाठ्यक्रम का अध्ययन पूरी लगन के साथ करे. अभी से परीक्षा की तैयारी में जुट जाय. डीईओ राजराज मिश्रा ने रासायन शास्त्र के छात्रों को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी जो बोर्ड परीक्षा के दौरान छात्रों के काम आएगी. निरीक्षण के दौरान कम संख्या छात्रों की मिलने पर नाराजगी भी जाहिर की. विद्यालय में 238 छात्र दर्ज हैं जिसमें 161 छात्र ही मौजूद रहे. वही 15 शिक्षक में से 12 शिक्षक उपस्थित रहे, जबकि तीन शिक्षक अवकाश पर थे. निरीक्षण के दौरान डीईओ ने साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया. इस दौरान सहायक संचालक राजेश मिश्रा ने भी छात्रों को जानकारी दी.

# मऊगंज में 90 .97 प्रतिशत गणना पत्रक हुए डिजिटाइज

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 3 दिसम्बर, निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मऊगंज जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है.**

जिले में 3 दिसम्बर को शाम 4 बजे तक 436448 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. यह कुल लक्ष्य का 90.97 प्रतिशत है. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने बताया कि जिले में कुल 479769 मतदाता दर्ज हैं. अब तक विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में 210893 तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में 225555 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. मऊगंज में 91.13 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में 90.82 प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं.

# ननि ने 17 लोगों को पहुंचाया आश्रय स्थल

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 दिसम्बर, नगर निगम रीवा की टीम द्वारा निरंतर रात्रिकालीन भ्रमण किया जा रहा है. जिससे कि शहर में खुले आसमान के नीचे सो रहे बेघर और जरूरतमंद व्यक्तियों को सुरक्षित आश्रय स्थलों तक पहुँचाया जा सके.**

रात्रि में लगातार मोबाइल वैन चलाया जा रहा है इस दौरान विगत रात कुल 17 बेघर व्यक्तियों को सुरक्षित रूप से आश्रय स्थलों तक पहुँचाया गया. निगम की मोबाइल वैन टीम सामान चैक, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, सिरमौर चैक, फ्लाई ओवर, अस्पताल चैक सहित शहर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण लगातार कर रही है एवं उन स्थानों के निराश्रित लोगों को आश्रय स्थल पहुंचाने का काम निरंतर जारी है. गौरतलब है कि नगर निगम रीवा द्वारा वर्तमान में दो आश्रय स्थल संचालित किए जा रहे हैं. निगम ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति को ठंड में खुले में सोते हुए देखें तो तत्काल निगम टीम को जानकारी दे.

# खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे सीईओ ने किसानों से किया संवाद

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 दिसम्बर, रीवा जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन शुरू हो गया है. राजस्व अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करके उपार्जन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं.**



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने मनिकवार सेवा सहकारी समिति द्वारा संचालित खरीदी केन्द्र लढ़ वेयरहाउस का निरीक्षण किया. श्री गुर्जर ने मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को खरीदी केन्द्र में उचित सुविधाएं दें. छाया, पानी के साथ-साथ अलाव की भी व्यवस्था करें. इस समय शाम में भी तापमान कम हो जाता है. किसानों से दिन समाप्त होने तक धान उपार्जन का प्रयास करें. किसानों से प्रत्येक बोरे में निर्धारित मात्रा में ही धान लें. प्रत्येक बोरे में नीले रंग का एक्सटेंसिल लगाकर उसमें खरीदी केन्द्र का विवरण तथा किसान का पंजीयन क्रमांक अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने खरीदी केन्द्र में आए किसानों से खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं की जानकारी ली.

# महिला के साथ दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 दिसम्बर, हनुमना थाना अन्तर्गत महिला के साथ दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने वाले आरोपी प्रवीण कुमार कुशवाहा को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है.**



पुलिस को चकमा देकर आरोपी फरार चल रहा था, मुखबिर की सूचना पर उसे धरदबोचा. 18 जून को फरियादीया ने थाना आकर रिपोर्ट लेख करायी कि वह अपने घर पर अकेली थी तभी प्रवीण कुशवाहा घर आया और उसके साथ जोर जबरजस्ती कर गलत काम बलात्कार किया था तथा कई बार शारीरिक संबंध बनाया और अश्लील वीडियो बना लिया था. शादी होने के बाद जब ससुराल से अपने मायके गई तो प्रवीण कुशवाहा फोन एवं व्हाट्सएप कॉल से बार बार शारीरिक संबंध बनाने का दबाब बनाता था. अश्लील वीडियो सोशल मिडिया मे वायरल कर देने की धमकी देता था. 9 जून को आरोपी ने वीडियो वायरल कर दिया और परिवार को खत्म करने की धमकी दे रहा था. हनुमना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की और फरार चल रहे आरोपी प्रवीण कुशवाहा उर्फ लालू पिता कृष्ण कुमार कुशवाहा निवासी कोन हाल निवास सलैया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया.

# तीन दिन से तापमान उछाल पर

**रीवा, 3 दिसम्बर,** पिछले तीन दिन से ठंड का असर कम है. तापमान 6 डिग्री से उछाल मार कर 9 डिग्री पहुंच गया है. लिहाजा इस समय ठंड का असर बहुत कम है. न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा तो वही अधिकतम तापमान 47 डिग्री आका गया और हवाएं भी 4 किलो मीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली. बादल के चलते ठंड से राहत मिल रही है.